# ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव,

# जिला-जशपुर (छ.ग.)

## (10) रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर

## 2021-22

ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महविद्यालय पत्थलगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिवर का आयोजन दिनांक 12.12.2021 से दिनांक 18.12.2021 तक ग्राम पंकसुआ मे क्रम अधिकारी श्री टी.आर.पाटले के सफल मार्गदर्शन मे किया गया | शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत पंकसुआ के सरपंच के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ | शिविर मे नित्य कार्य-योजना के तहत सुबह की शुरुआत योग एवं प्रभात-फेरी से होता था, तत्पश्चात प्रोजेक्ट कार्य, किया जाता था | मध्यान्ह भोजन पश्चात् बौध्धिक परिचर्चा एवं रात्रि मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था | इसी कड़ी मे स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन किया गया, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ-सफाई, एवं टीकाकरण तथा कुरीतियों से मुक्ति का संदेश दिया | इस शिविर की विशेष उप्लबधि मे 09 जोड़ी सगी बहनों ने भाग लिया | शिविर का समापन शानदार रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ | यह सात दिवसीय विशेष शिवर एक त्योहार की तरह मनाया गया | इस शिविर मे महिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में शुस्री अनुपमा प्रधान सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र कई विशेष भूमिका रही |





राष्ट्रीय सेवा योजना  सात दिन के विशेष शिविर में उत्साहपूर्वक शामिल हुए स्वयं सेवक

## स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनबाड़ी केंद्र में चलाया स्वच्छता अभियान

सात दिवसीय शिविर में शामिल स्वयं सेवक • नईदुनिया

# स्कूल परिसर के काया कल्प को सुंदर रंग मे रंग दिया शोभा सिंह के छात्राओं ने

जोहार छत्तीसगढ़–
पत्थलगांव।

आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिवस भी सफल व सार्थक रहा। आज स्वयं सेवको द्वारा प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला की बाहरी दीवारों का रंग–रोगन कर श्रमदान किया।



साथ ही शाला परिसर के प्रवेश के पास लगे गुलमोहर वृक्ष के चारों ओर सीमेन्ट के चबूतरे का निर्माण भी किया गया ताकि विद्यार्थी पेड़ की छांव का आनंद ले सके। दीवारों की रंगाई व चबूतरा निर्माण के बाद शाला परिसर की सुंदरता देखते ही बनती है। आज दोपहर बौद्धिक चर्चा के सत्र में प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयं सेवको ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शिविरार्थियों के व्यक्तित्व विकास में रासेयो के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यक्रम की बहुत बड़ी भूमिका है। प्राचार्य डीके अम्ब्रेला के मुख्य आतिथ्य में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में करमा नृत्य, पंथी नृत्य व नाटक अनपढ़ किसान को बहुत सराहना मिली। महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापक आरएस कांत, विद्याधर पटेल, गोपाल प्रधान, संजय बघेल, महेश यादव, नबिना यादव, अभिषेक एक्का, पूनम चौहान, गीतांजलि प्रधान, अनुरिमा खलखो, अलीमा, विक्रमजीत, नरेश नायक व अनिता कुजूर उपस्थित थे। महिला कार्यक्रम अधिकारी अनुपमा प्रधान द्वारा [illegible] ज्ञापन के साथ कार्यक्रम

**आयोजन** सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों ने बहाया पसीना

# स्वयंसेवकों ने दिया टीकाकरण और कुरीतियों से मुक्ति का संदेश

**पत्थलगांव(नईदुनिया न्यूज)।** सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कोरोना के टीकाकरण हेतु रैली निकालकर लोगों को टीका लगवाने को प्रेरित किया गया। वहीं शाम को बौद्धिक परिचर्चा में नशाखोरी और कुरीतियों को हटाने का संदेश दिया गया।

ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव की रासेयो इकाई द्वारा समीपस्थ ग्राम पंगसुआ में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो टी आर पाटले के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्यों में सहभागिता निभाई जा रही है वहीं समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्रातः काल व्यायाम व पौष्टिक नाश्ते के



टीकाकरण कराने व कुरीतियों से मुक्ति का संदेश देने निकली स्वयंसेवकों की रैली ● नईदुनिया

पश्चात परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंगसुवा में कोरोना के टीकाकरण हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवक शामिल हुए। उन्होंने ग्राम के प्रत्येक गली मोहल्ले में रैली निकाली और लोगों को कोरोना का टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा सब तिहार वार, वार टीकाकरण एक बार जैसे नारे लगाए गए। वहीं उन्होंने ग्राम वासियों को कोरोना महामारी के टीकाकरण के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया। उल्लेखनीय है कि कोरोना के टीके को लेकर अभी भी लोगों के मस्तिष्क में आशंकाएं हैं जिसके कारण शासन के लगातार प्रयासों के बावजूद कई लोग टीका लगवाने के लिए सामने नहीं आए हैं। स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना के टीके को लेकर लोगों के मन में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि कोरोना महामारी का खतरा अभी टला नहीं है और नए-नए वेरिएंट के रूप में सामने आ रही है। इससे बचाव के लिए कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध है। इसके जरिए व्यक्ति न सिर्फ खुद को बल्कि अपने परिजनों और मिलने-जुलने वाले सभी लोगों को इस महामारी की चपेट में आने से बचा सकता है और लोगों को स्वतः आगे आकर कोरोना का टीका लगवाना चाहिए।

### नशापान की बढ़ती प्रवृत्ति देश के लिए घातक

प्रतिदिन शाम के समय शिविर में बौद्धिक परिचर्चा का भी आयोजन किया जाता है। इसमें अलग-अलग विषयों पर स्वयंसेवकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए जाते हैं। इसमें खास तौर पर समसामयिक तथा ऐसे विषयों को शामिल किया जाता है जो मानव जीवन को व्यापक रूप से प्रभावित करते हैं। इस बार की बौद्धिक चर्चा में दुर्व्यसन और युवा विषय पर स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। इसमें युवाओं में नशापान की बढ़ती प्रवृत्ति को देश और समाज के लिए घातक बताते हुए युवाओं को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुआ व कर्मा नृत्य तथा नशाखोरी के विरुद्ध किए गए नाटक ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके माध्यम से स्वयंसेवकों ने मनोरंजन के साथ साथ गांव में व्याप्त कुरीतियों को हटाने का संदेश भी दिया।

♦♦♦♦♦♦♦♦♦♦

# सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह पर भारतीय संस्कृति में रंगारंग कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

सात दिवसीय शिविर रात्रि के अंतिम दिन पर भारतीय संस्कीर्ति के रंगो मे रंगारंग सजा राष्ट्रीय सेवा योजना का पंडाल। हजारों के भीड़ में बैठे सर्व समुदाय ने दिया एकता और आखंडता का संदेश। आपको बताना गैरतलब होगा की इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक के द्वारा अमृत उत्सव पर पूरे देश में शिक्षा स्वास्थ्य आत्मनिर्भरता को लेकर जागरूकता रैली के माध्यम से सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने युवा शक्ति को सरकार मार्गदर्शक के रूप में आगे




लाने के प्रयास कर रहा है। इसी महत्वाकांक्षी लक्ष्य के नक्शे कदम पर चलने वाला सात दिवसीय शिविर रात्रि शिविर पत्थलगांव ब्लॉक नजदीकी ग्राम के पावन धरा जमीं पर ठाकुर शोभा सिह कालेज सात दिवसीय के शिविर का अंतिम दिन लोगों के लिए अद्भुत सौगात परोस अपने होम ग्राउंड महाविद्यालय के लिए समापन वापस असल लक्ष्य पर आयेंगे। इन सात दिनों में कार्यक्रम अधिकारी के हीरे की तरह तराशे गए चमकते हिरो स्वयं सेवकों छात्र-छात्राओं ने न केवल गांव के चौंक चौराहों को साफ सुथरा कर चकाचौंध किया बल्कि अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के योजानओ का पाठ भी पढ़ाया और अलग-अलग धर्म जातीय समूह के होने के बाद भी गांव में मिलकर उत्सव को मनाने को मनाना सिखा कर भाई चारे के संदेश भी दिये। शिविर मे लोगों के लिए ये हसीन रात अनुसरण करने योग्य बाते बता गया। जिसमें समापन दिवसीय के दिन गांव के सभी लोगों ने मिलकर सतनाम धर्म गुरु घासीदास जैसे महान गुरु के जयंती को बड़े धूमधाम से केक काटकर मनाया जिसमे पंथी नृत्य के माध्यम से उनकी बोली कही बातों को सुना साथ ही राष्ट्रीय संस्कृति को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से हास्य कला हड़बड़ी में गड़बड़ी जैसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर छात्र-छात्राओं ने भीड़ को खूब हंसाया और जाते जाते रुला भी गया एक तरफ आज समापन का रंगारंग कार्यक्रम चल रहा था समापन का रंगारंग कार्यक्रम चल रहा था वही विदाई का गम भी लोगों को सता

